दिन– बुधवार                                                                                    दिनांक– 19/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                                    अवधि – 05 मिनट

---

ज्ञानेश कुमार ने आज नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाल लिया। श्री कुमार केरल कैडर के उन्नीस सौ अंठानवे बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद अपने संदेश में श्री कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है और भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान, चुनावी कानूनों, नियमों और उसमें जारी निर्देशों के अनुसार, चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा। इससे पहले, श्री कुमार पंद्रह मार्च, दो हजार चौबीस से चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यरत थे।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में आज रोहतास जिले में तीन हजार सात सौ बेरानवे करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने सासाराम प्रखंड के बेलाढ़ी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में कई योजनाओं के शिलापट् का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने दुर्गावती में इको–टूरिज्म, एंडवेंचर हब और हॉट एयर बैलून कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री कुमार ने बिक्रमगंज के वाजीतपुर में काव नदी पर प्रस्तावित पुल के निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

———————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त मुख्य लिखित प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। परीक्षा का आयोजन पच्चीस अप्रैल से तीस अप्रैल तक पटना में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। अभ्यर्थी इक्कीस फरवरी से सत्रह मार्च तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट बीपीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर देख सकते हैं।

———————————————————

बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत आज से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। योजना के तहत पात्र लाभुक पांच मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अंतर्गत उनसठ हजार लाभुकों का चयन लौटरी के आधार पर किया जाएगा। जिन्हें स्वरोजगार के लिए दो लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

————————————————————

दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा चुनने के लिए आज शाम विधायक दल की बैठक बुलाई है। बैठक के लिए लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद और ओ.पी. धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया गया है। इन दोनों की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम जारी है। तेज धूप के कारण अधिकांश भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। विभाग ने कहा है कि अगले चार दिनों बाद राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में हल्की वर्षा की संभावना है।

————————————————————

जहानाबाद के गांधी मैदान में एनडीए कार्यकर्ताओं का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में एनडीए के पांचों घटक दल के नेताओं ने भाग लिया।

————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान दो हजार पांच सौ उनतीस लोगों को पकड़ा गया। इनसे सत्रह लाख रूपये से अधिक की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गयी।

————————————————————

अररिया में आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला और सत्र न्यायाधीश गुंजन पांडेय ने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।